Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 18-12-2006
Participants : Shiwankar Shri Maha Deo Rao

an>

Title: Problems being faced by cotton/paddy growers in Maharashtra.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : महोदय, महाराट्र के विदर्भ इलाके में गत सप्ताह कपास उत्पादक किसानों पर गोली चलाई गयी जिसमें एक किसान मृत हुआ एवं अन्य किसान घायल हुए। कपास उगाने वाले किसानों का कपास केन्द्र पर सरकार खरीदी में विलंब होने के कारण तथा कपास खरीदी के सेंटर कम होने के कारण किसान त्रस्त थे औरइसलिए सोले टाइप पानी की टंकी पर चढ़कर लोगों ने आंदोलन किया। इसलिए मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि नाबार्ड, एफसीआई या अन्य एजेंसियों के माध्यम से कपास खरीद केन्द्र बड़ी परिमाण में शुरू करें औरकिसानों को 3,000 रूपए प्रति क्विंटल कपास को भाव मिले, धान उगाने वाले किसानऔर कपास उगाने वाले किसानों का कर्जा माफ किया जाए। कृिा ऋण पर ब्याज दर 4 प्रतिशत हो, व्यापक वनीकरण किया जाए, जल प्रबंध के लिए विदर्भ में केन्द्र सरकार स्पेशल पैकेज दे, खाद, बीज बिजली, पानी, कीटनाशक, कृिा के उपकरण आदि पर सब्सिडी बढ़ाई जाए, विज्ञान और तकनीकि का निवेश गांव में अधिक किया जाए, हर घर में 10 दुधारू गाय दी जाएं और फीशरीज पर विशो ध्यान दिया जाए।